0141470

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. : 106-

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2024

# माध्यमिक स्कूल परीक्षा - 2024

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code

**J**

( ANNUAL / वार्षिक )

## SIL - HINDI ( NLH )

## द्वितीय भारतीय भाषा - हिन्दी

विषय कोड :
Subject Code : **106**

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106
**Total Questions : 100 + 6 = 106**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 32
**Total Printed Pages : 32**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

**परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :**

1. **परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।**
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — खण्ड-अ एवं खण्ड-ब।
6. **खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को नीले / **काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।**
7. **खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।**
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।

BiharboardQuestionpaper.com

खण्ड - अ

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें। 50 × 1 = 50

1. 'विद्यार्थी' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) वि + द्यार्थी (B) विद्या + र्थी

(C) विद्या + अर्थी (D) विद्याथ + री

2. 'व' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) मूर्द्धा (B) कंठ

(C) दंतोष्ठ (D) तालु

3. निम्न में से अशुद्ध शब्द कौन है ?

(A) निवृत्ति (B) पत्नी

(C) नक्षत्र (D) बिराट

4. निम्नलिखित चिह्नों में योजक चिह्न कौन है ?

(A) – (B) ,

(C) । (D) !





5. उस विकारी शब्द को क्या कहते हैं, जिससे किसी वस्तु, भाव और जीव के नाम का बोध हो ?

(A) सर्वनाम (B) संज्ञा

(C) विशेषण (D) क्रिया विशेषण

6. 'रक्षाबंधन' कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक संज्ञा (B) समूहवाचक संज्ञा

(C) व्यक्तिवाचक संज्ञा (D) द्रव्यवाचक संज्ञा

7. शब्द की जाति को क्या कहते हैं ?

(A) क्रिया (B) लिंग

(C) सर्वनाम (D) विशेषण

8. 'वचन' शब्द कौन लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग (B) नपुंसक लिंग

(C) पुलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

9. निम्न शब्दों में से तद्भव शब्द कौन है ?

(A) पक्ष (B) कूप

(C) वाष्प (D) ओठ



BiharboardQuestionpaper.com Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

10. 'मेढक' शब्द का स्त्रीलिंग क्या है ?

(A) मेढकी (B) मेढकाइन

(C) मेढकीन (D) मेढकानी

11. 'तू जिन्दा है तो ..........' शीर्षक कविता क्या प्रकट करती है ?

(A) प्रतिद्वंद्विता (B) गहरे जीवन राग और उत्साह

(C) दुखंदायी क्षण (D) संघर्ष के पल

12. कठिन काम को देखकर कौन उकताते नहीं हैं ?

(A) धनवीर (B) रघुवीर

(C) कर्मवीर (D) रणवीर

13. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की रचना निम्न में से कौन है ?

(A) पीपल (B) कर्मवीर

(C) सुदामा चरित (D) खुशबू रचते हैं हाथ

14. 'यत्न' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) अच्छा (B) छोड़ना

(C) प्रयास (D) सामने





15. "लोग जब ऐसे समय पाकर जनम लेंगे कभी ।

देश की औ' जाति की होगी भलाई भी तभी ॥"

ये पंक्तियाँ किस शीर्षक कविता से उद्धृत हैं ?

(A) बच्चे की दुआ (B) कबीर के पद

(C) कर्मवीर (D) सुदामा चरित

16. "ना मैं देवल ना मैं मस्जिद, न काबे कैलास में ।" इस पंक्ति में "मैं" किसके लिए प्रयुक्त है ?

(A) इंसान के लिए (B) ईश्वर के लिए

(C) शैतान के लिए (D) इनमें से कोई नहीं

17. कबीर के किस पद में स्थापित रूढ़ियों के समानान्तर सच के सीधे साक्षात्कार की प्रस्तावना है ?

(A) पहले पद में (B) दूसरे पद में

(C) तीसरे पद में (D) चौथे पद में

18. छायावादी कविता की उल्लेखनीय विशेषता क्या है ?

(A) धार्मिक काव्य (B) प्रकृति चित्रण

(C) पारंपरिक साहित्य (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

19. 'पीपल' कविता में पीपल वृक्ष किसका साक्षी है ?

(A) प्रतिज्ञा का (B) सहानुभूति का

(C) बदलावों का (D) प्रेम का

20. निम्न में से कौन शीर्षक पाठ कविता नहीं है ?

(A) कर्मवीर (B) सुदामा चरित

(C) खुशबू रचते हैं हाथ (D) दीदी की डायरी

21. 'जो कहा न जा सके' – के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) अचिंतनीय (B) अग्रशोची

(C) अकथनीय (D) अनुपम

22. 'कागज काला करना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(A) भला-बुरा कहना (B) भटकना

(C) परेशान करना (D) बिना मतलब कुछ लिखना





23. 'घर का जोगी जोगड़ा, आन गाँव का सिद्ध' लोकोक्ति का अर्थ क्या है ?

(A) निकट का गुणी व्यक्ति कम सम्मान पाता है, पर दूर का ज्यादा

(B) परिश्रम का फल अवश्य मिलता है

(C) प्रतिवाद करना

(D) केवल बाह्य प्रदर्शन

24. 'घाव' शब्द का पर्यायवाची क्या है ?

(A) कलश (B) दंभ

(C) नासूर (D) वलय

25. 'घड़ों पानी पड़ जाना' मुहावरे का अर्थ निम्न में से कौन है ?

(A) अत्यंत लज्जित होना (B) स्नान करना

(C) परेशान होना (D) सिर पर पानी डालना

26. 'शीला ने सावित्री को जी भर कोसा' यह किस कारक का उदाहरण है ?

(A) करण कारक (B) कर्म कारक

(C) संप्रदान कारक (D) अपादान कारक



बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

27. 'तृष्णा' शब्द का संधि-विच्छेद क्या होगा ?

(A) तृ + ष्णा
(B) तृषा + ना
(C) तृष् + ना
(D) तृष्ण + आ

28. दो या दो से अधिक व्यंजन-ध्वनियाँ परस्पर संयुक्त होकर जब एक स्वर के सहारे बोली जाएँ तो, उन्हें क्या कहते हैं ?

(A) संपृक्त ध्वनियाँ
(B) युग्मक ध्वनियाँ
(C) संयुक्त ध्वनियाँ
(D) इनमें से कोई नहीं

29. हिंदी में स्वर वर्णों की संख्या कितनी है ?

(A) सात
(B) आठ
(C) नौ
(D) ग्यारह

30. 'श, ष, स, ह' – कौन व्यंजन हैं ?

(A) अंतःस्थ
(B) ऊष्म
(C) स्पर्श
(D) इनमें से कोई नहीं

31. 'झाँसी की रानी' शीर्षक कविता की रचयिता कौन हैं ?

(A) अनामिका
(B) महादेवी वर्मा
(C) सरोजिनी नायडू
(D) सुभद्रा कुमारी चौहान





32. काना और मुंदरा किनकी सखियाँ थीं ?

(A) रानी लक्ष्मीबाई की
(B) रानी पद्मिनी की
(C) महारानी अक्का देवी की
(D) महारानी ताराबाई की

33. 'सुभट' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) सूनी
(B) दक्ष
(C) सामान
(D) समुद्र

34. 'सुदामा चरित' शीर्षक पाठ में भिक्षा माँगकर भोजन कौन करते थे ?

(A) श्रीकृष्ण
(B) द्वारपाल
(C) सुदामा
(D) इनमें से कोई नहीं

35. "बाँस के वन, पाइन ऑक के वन

रात की हवा

तुझे लोरी सुना रहे हैं !"

ये पंक्तियाँ किस शीर्षक कविता की हैं ?

(A) राह भटके हिरन के बच्चे को
(B) कर्मवीर
(C) पीपल
(D) झाँसी की रानी



BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

36. 'झगा' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) जूता (B) ढीला कुर्ता

(C) पगड़ी (D) काँटा

37. 'घायल होकर गिरी सिंहनी' – इस पंक्ति में 'सिंहनी' किसे कहा गया है ?

(A) काना को (B) मुंदरा को

(C) रानी लक्ष्मीबाई को (D) इनमें से कोई नहीं

38. लक्ष्मीबाई किसकी मुँहबोली बहन थीं ?

(A) सिन्धिया की (B) कानपुर के नाना की

(C) लखनऊ के नवाब की (D) पेशवा की

39. झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई कितने वर्ष की उम्र में मारी गयीं ?

(A) चौबीस वर्ष (B) तेईस वर्ष

(C) पच्चीस वर्ष (D) छब्बीस वर्ष

40. किस कविता के केंद्र में पीपल वृक्ष है ?

(A) कर्मवीर (B) बच्चे की दुआ

(C) कबीर के पद (D) पीपल





41. 'चतुर्भुज' कौन-सा समास है ?

(A) द्वंद्व (B) द्विगु

(C) तत्पुरुष (D) अव्ययीभाव

42. 'पवन' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) प + वन (B) पो + अन

(C) पो + अन (D) प + अवन

43. 'नरक' का विशेषण क्या है ?

(A) नरकीय (B) नर्कीय

(C) नैरकीय (D) नारकीय

44. 'राष्ट्रीय' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) ईय (B) य

(C) ट्रीय (D) इय



BiharboardQuestionpaper.com Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

45. 'प्रतिदिन' कौन समास है ?

(A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव

(C) बहुव्रीहि (D) द्वंद्व

46. समास में आए पदों को छोड़कर जब किसी अन्य पदार्थ की प्रधानता हो, तब उसे क्या कहते हैं ?

(A) द्विगु समास (B) कर्मधारय समास

(C) बहुव्रीहि समास (D) तत्पुरुष समास

47. वाक्य के उस भाग को क्या कहते हैं, जिसमें एक से अधिक पद परस्पर संबद्ध होकर अर्थ तो देते हैं, किंतु पूरा अर्थ नहीं देते ?

(A) उपवाक्य (B) वाक्य

(C) शब्द (D) पदबंध

48. 'हमने खाना नहीं खाया ।' यह किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) संयुक्त वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) सरल वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं





49. जिन शब्दों के अर्थ में समानता हो, उन्हें क्या कहते हैं ?

(A) कोशीय शब्द (B) विपरीतार्थक शब्द

(C) ध्वन्यात्मक शब्द (D) पर्यायवाची शब्द

50. 'जल' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) सरल (B) स्थल

(C) निश्छल (D) गरल

51. कलिंग में कितने साल से युद्ध हो रहा है ?

(A) चार साल से (B) पाँच साल से

(C) छह साल से (D) सात साल से

52. "मैं तुमसे शास्त्र सीखने नहीं आई हूँ, शस्त्रों से युद्ध करने आई हूँ ।" यह किसने कहा ?

(A) पद्मा ने (B) प्रतिमा ने

(C) आरती ने (D) श्रद्धा ने

53. जो व्यक्ति ईर्ष्यालु होता है, वह क्या होता है ?

(A) प्रशंसक (B) निंदक

(C) विचारक (D) प्रचारक



BiharboardQuestionpaper.com
BiharboardQuestionpaper.com Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

54. मनुष्य के मौलिक गुणों को कौन कुंठित कर डालती है ?

(A) प्रेम (B) श्रद्धा

(C) ईर्ष्या (D) लज्जा

55. नेपोलियन किससे स्पर्धा करता था ?

(A) सिकंदर से (B) सीजर से

(C) हरक्युलिस से (D) इनमें से कोई नहीं

56. "तुम्हारी निंदा वही करेगा, जिसकी तुमने भलाई की है।" यह किसने कहा ?

(A) ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने (B) राजा राममोहन राय ने

(C) स्वामी विवेकानन्द ने (D) ज्योतिबा फुले ने

57. बौद्धकालीन शिक्षा का केन्द्र निम्न में से कौन-सा विश्वविद्यालय था ?

(A) मद्रास विश्वविद्यालय (B) विक्रमशिला विश्वविद्यालय

(C) कलकत्ता विश्वविद्यालय (D) मुंबई विश्वविद्यालय

58. खगोल विधा के क्षेत्र में कौन विश्वप्रसिद्ध हैं ?

(A) बौधायन (B) चरक

(C) आर्यभट्ट (D) नागार्जुन





59. 4 जनवरी, 97 दिन रविवार, इस दिन माँ ने क्या बनाई थी ?

(A) हलवा (B) पकौड़ा

(C) खीर (D) चाट

60. हुंडरू का झरना किस राज्य में है ?

(A) बिहार (B) झारखंड

(C) पश्चिम बंगाल (D) मध्य प्रदेश

61. 'बालगोबिन भगत' शीर्षक पाठ साहित्य की कौन विधा है ?

(A) यात्रा वृत्तांत (B) संस्मरण

(C) रेखाचित्र (D) निबंध

62. रामवृक्ष बेनीपुरी की रचना निम्न में कौन है ?

(A) हौसले की उड़ान (B) ईदगाह

(C) दीनबन्धु निराला (D) बालगोबिन भगत

63. अपने बेटे की मृत्यु के बाद बालगोबिन भगत क्या कर रहे थे ?

(A) गीत गा रहे थे (B) रो रहे थे

(C) प्रार्थना कर रहे थे (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

64. 'हुंडरू का जलप्रपात' शीर्षक पाठ में किस संस्कृति के प्रति विश्वास प्रकट किया गया है ?

(A) भौतिक संस्कृति के प्रति (B) बहुलवादी संस्कृति के प्रति

(C) अभौतिक संस्कृति के प्रति (D) प्राचीनतम संस्कृति के प्रति

65. अपने निरंतर संघर्ष से नदियाँ पत्थरों को खराद-खराद कर नवीन आकार में प्रस्तुत कर रहीं हैं, तो लोग उसे क्या कहकर पूजते हैं ?

(A) भगवान इन्द्र (B) भगवान कृष्ण

(C) श्वेत शालिग्राम (D) भगवान विष्णु

66. 'हुंडरू का जलप्रपात' शीर्षक पाठ साहित्य की कौन विधा है ?

(A) संस्मरण (B) कहानी

(C) उपन्यास (D) यात्रा वृत्तांत

67. 'ठेस' शीर्षक कहानी में कहाँ की संस्कृति का प्रभावी वर्णन है ?

(A) मिथिलांचल की (B) उड़ीसा की

(C) उत्तरांचल की (D) दक्षिण बिहार की

68. पंचानन्द चौधरी किस टोले के थे ?

(A) महाजन टोले के (B) ब्राह्मण टोले के

(C) चौधरी टोले के (D) क्षत्रिय टोले के





69. सिरचन रंगीन सुतलियों में झब्बे डालकर क्या बुनने के लिए बैठा ?

(A) चादर (B) साड़ी

(C) चिक (D) धोती

70. "मँझली बहूरानी अपने मैके से आई हुई मिठाई भी इसी तरह हाथ खोलकर बाँटती है क्या ?" - यह किसने कहा ?

(A) बड़ी भाभी ने (B) चाची ने

(C) माँ ने (D) सिरचन ने

71. निम्न में से कौन कवि अपनी रचना के माध्यम से भक्ति के नाम पर बाह्य आडंबरों एवं व्यर्थ अनुष्ठानों पर करारा प्रहार किया है ?

(A) कबीरदास (B) गोपाल सिंह 'नेपाली'

(C) नरोत्तमदास (D) मो० इकबाल

72. 'जलजले' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) शृंगार (B) भूकंप

(C) जमीन (D) भरोसा

46



BiharboardQuestionpaper.com Scanned with CamScanner

73. "जो कभी अपने समय को यों बिताते हैं नहीं ।

काम करने की जगह बातें बनाते हैं नहीं ।।"

ये पंक्तियाँ किस कविता से उद्धृत हैं ?

(A) तू जिन्दा है तो ....... (B) खुशबू रचते हैं हाथ

(C) कर्मवीर (D) सुदामा चरित

74. 'सपूत' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) भाग्य (B) समय

(C) खराब बेटा (D) अच्छा बेटा

75. कवि बिहारी सुख में किसे नहीं भूलने की बात कहते हैं ?

(A) ईश्वर को (B) दुःख को

(C) प्रसन्नता को (D) परेशानी को

76. 'नटि जाई' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) मुकर जाना (B) बातचीत

(C) सलाह (D) बुद्धि

77. बच्चे किसकी हिमायत करने की प्रार्थना करते हैं ?

(A) अमीरों की (B) गरीबों की

(C) राहगीरों की (D) इनमें से कोई नहीं





78. रमजान के कितने रोज़ों के बाद ईद आई है ?

(A) पाँच (B) दस

(C) बीस (D) तीस

79. 'ईदगाह' शीर्षक कहानी में मोहसिन के पास कितने पैसे हैं ?

(A) चौदह पैसे (B) बारह पैसे

(C) पंद्रह पैसे (D) दस पैसे

80. हामिद मेला किसके साथ जा रहा था ?

(A) दादी के साथ (B) बच्चों के साथ

(C) माँ के साथ (D) बहन के साथ

81. 'खेमा' शीर्षक पाठ में होटल का क्या नाम था ?

(A) 'सुस्वादु' होटल (B) 'मुक्ताकाशी' होटल

(C) 'सदाबहार' होटल (D) 'नवागंतुक' होटल

82. "अभी रख दूँगा चप्पलें सिर पर, चल अपना काम कर, बड़ा आया चप्पलें पहनने वाला ।"

यह किसने कहा ?

(A) ग्राहक (B) सेठ

(C) कसारा (D) साइकिल वाला



BiharboardQuestionpaper.com Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

83. 23 अक्टूबर, 1943 ई० को कर्पूरी ठाकुर को गिरफ्तार कर किस जेल में रखा गया ?

(A) हजारीबाग जेल में (B) राँची जेल में

(C) पटना जेल में (D) दरभंगा जेल में

84. 'चिकित्सा का चक्कर' शीर्षक पाठ में दंत चिकित्सक ने दाँत तोड़ने के लिए कितने रुपए माँगे ?

(A) तीन (B) दो

(C) चार (D) पाँच

85. दरभंगा जेल में कुव्यवस्था के खिलाफ किसने कैदियों को संगठित करना शुरू किया ?

(A) अनुग्रह नारायण सिंह ने (B) भगत सिंह ने

(C) कर्पूरी ठाकुर ने (D) जगदेव प्रसाद ने

86. वैसे शब्द जिनका कोई अर्थ नहीं निकलता है, उन्हें क्या कहते हैं ?

(A) सार्थक शब्द (B) निरर्थक शब्द

(C) तत्सम शब्द (D) तद्भव शब्द

87. परिनिष्ठित भाषा किससे नियंत्रित होती है ?

(A) विचार विनिमय से (B) ध्वनि संकेत से

(C) व्याकरण से (D) इनमें से कोई नहीं





88. वर्णों के उच्चारण-समूह को क्या कहते हैं ?

(A) स्वराघात (B) वर्णमाला

(C) अनुतान (D) संगम

89. 'ड' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) मूर्द्धा (B) कंठ

(C) तालु (D) दंत

90. प्रत्येक वर्ग का दूसरा और चौथा वर्ण तथा समस्त उष्म वर्ण कौन व्यंजन हैं ?

(A) अल्पप्राण (B) महाप्राण

(C) अंतःस्थ (D) स्पर्श

91. संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के अन्य शब्दों के साथ उनका संबंध सूचित हो, उसे क्या कहते हैं ?

(A) विशेषण (B) कारक

(C) उपसर्ग (D) समास



BiharboardQuestionpaper.com Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

92. अपादान कारक का उदाहरण निम्न में से कौन है ?

(A) मैंने हरि को बुलाया (B) किशोर ने खा लिया

(C) लड़का पेड़ से गिरा (D) हे भगवान ! मेरी रक्षा कीजिए

93. 'हम ऐसा क्यों नहीं कर सकते ?' यह किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निजवाचक सर्वनाम (B) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(C) प्रश्नवाचक सर्वनाम (D) पुरुषवाचक सर्वनाम

94. 'वह लड़का' – किस विशेषण का उदाहरण है ?

(A) सार्वनामिक विशेषण (B) गुणवाचक विशेषण

(C) संख्यावाचक विशेषण (D) परिमाणबोधक विशेषण

95. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य कौन है ?

(A) उत्साह नामक शीर्षक निबंध अच्छा है

(B) मैं मंगलवार को व्रत रखता हूँ

(C) तुम बीस तारीख के दिन कहाँ रहोगे

(D) सूखे से भूख की समस्या खड़ी हो गयी





96. क्रिया का मूल क्या है ?

(A) शब्द (B) धातु

(C) वाक्य (D) लिंग

97. 'उसका सिर खुजलाता है ।' यह किस क्रिया का उदाहरण है ?

(A) सकर्मक क्रिया (B) अकर्मक क्रिया

(C) द्विकर्मक क्रिया (D) संयुक्त क्रिया

98. 'वह जाएगा ।' किस काल का उदाहरण है ?

(A) भूतकाल (B) भविष्यत काल

(C) वर्तमान काल (D) इनमें से कोई नहीं

99. 'अवलोकन' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) अ (B) अब्

(C) अव (D) अवल

100. 'नयन' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) न (B) न्

(C) यन (D) अन



बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें ..
BiharboardQuestionpaper.com
Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

## खण्ड - ब

### विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है। 5 × 2 = 10

(क) क्षमा पृथ्वी का गुण है। क्षमा वीरों का भूषण है। मनुष्य से स्वाभाविक रूप से अपराध होते रहते हैं, गलतियाँ होती रहती हैं। यहाँ निर्दोष कोई भी नहीं है, इसलिए परस्पर क्षमा-भावना की आवश्यकता है। क्षमा के अभाव में क्रोध, हिंसा, संघर्ष का साम्राज्य छा जायेगा जिसे कोई भी स्वीकार नहीं करता है। माता-पिता, गुरु सभी क्षमाशील होते हैं। क्षमा के अभाव में जीवन चलना दूभर हो जाता है। अहिंसा, करुणा, दया, मैत्री, क्षमा आदि दैवीय गुण हैं। ये गुण मानव-जीवन के लिए आवश्यक हैं।

(i) क्षमा किसका भूषण है ?

(ii) क्षमा भावना क्यों आवश्यक है ?

(iii) क्षमाशील कौन होते हैं ?

(iv) किसके अभाव में जीवन दूभर हो जाता है ?

(v) मानव-जीवन के लिए कौन गुण आवश्यक हैं ?





(ख) राजा राममोहन राय का जन्म बंगाल के हुगली जिले में हुआ था। ये पारंपरिक ब्राह्मण परिवार से संबद्ध थे। इनके माता-पिता का नाम क्रमशः त्रिवानी राय तथा रामाकांत राय था। इनके पिता बंगाल के नवाब के न्यायालय में अच्छे पद पर थे। इन्होंने अपनी शिक्षा पटना और वाराणसी में पूरी की। 1803 ई० से 1814 ई० तक इन्होंने ईस्ट इंडिया कम्पनी में काम किया। राजा राममोहन राय की शादी बेहद कम उम्र में ही हो गयी थी और 10 वर्ष की उम्र आते-आते तीन बार परिणय सूत्र में बंधे। 27 सितंबर, 1833 ई० में इंग्लैण्ड के ब्रिस्टल में इनका निधन हो गया।

(i) राजा राममोहन राय का जन्म कहाँ हुआ था ?

(ii) ये किस परिवार से संबद्ध थे ?

(iii) इनकी माता का नाम क्या था ?

(iv) राजा राममोहन राय की शिक्षा कहाँ पूरी हुई ?

(v) राजा राममोहन राय का निधन किस वर्ष और कहाँ हुआ ?



BiharboardQuestionpaper.com Scanned with CamScanner

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा : $5 \times 2 = 10$

(क) ज्योतिराव गोविन्दराव फुले का जन्म 11 अप्रैल, 1827 ई० को महाराष्ट्र के सतारा में एक सब्जी विक्रेता के परिवार में हुआ था। पारिवारिक गरीबी के कारण ये अपनी शिक्षा पूरी नहीं कर पाये, किन्तु बाद में दूसरों की मदद से इन्होंने अपनी शिक्षा पूरी की। 12 साल की उम्र में इनका विवाह सावित्रीबाई फुले से हुआ। निम्न जाति और अस्पृश्यों को ऊपर उठाने के लिए 24 सितंबर, 1873 ई० को इन्होंने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की। सत्यशोधक समाज का मुख्य उद्देश्य था कि किसी के साथ भी जाति, धर्म और लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाए तथा एक समान समाज का निर्माण किया जाये।

(i) ज्योतिराव गोविन्दराव फुले का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(ii) ज्योतिराव गोविन्दराव फुले कहाँ के रहनेवाले थे तथा इनके परिवार का पेशा क्या था ?





(iii) इन्होंने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना किस वर्ष की ?

(iv) ज्योतिराव गोविन्दराव फुले का विवाह कितने वर्ष की अवस्था में तथा किससे हुआ ?

(v) इनके 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना का उद्देश्य क्या था ?

(ख) मानव जीवन में उत्तरदायित्व का विशेष स्थान है। अवगुणों को दूर करने के लिए एवं जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए उत्तरदायित्व का ज्ञान होना अति आवश्यक है। उत्तरदायित्व आ जाने पर मनुष्य बुद्धिमान हो जाता है। बुरी आदतों वाले लोग किसी सम्मानजनक पद को पाने के बाद बुरी आदतों को छोड़ देते हैं। इसी प्रकार उद्दण्ड नवयुवक भी गृहस्थी का भार आ जाने पर विचारशील बन जाते हैं।

(i) जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए क्या आवश्यक है ?

(ii) मनुष्य बुद्धिमान कब हो जाता है ?

(iii) नवयुवक विचारशील कब बन जाते हैं ?

(iv) बुरी आदत वाले लोग अपनी बुरी आदत कब छोड़ते हैं ?

(v) इस गद्यांश का एक उचित शीर्षक दें।



BiharboardQuestionpaper.com Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग **250 - 300** शब्दों में निबंध लिखें : 1 × 10 = 10

(क) समाज सेवा

(i) भूमिका (defination)

(ii) महत्त्व (were follow them)

(iii) कर्त्तव्य

(iv) निष्कर्ष

(ख) हिंदी भाषा

(i) भूमिका

(ii) महत्त्व

(iii) लाभ

(iv) वर्तमान स्थिति

(v) निष्कर्ष





(ग) परिश्रम का महत्त्व

(i) भूमिका

(ii) महत्त्व

(iii) लाभ

(iv) निष्कर्ष

(घ) पुस्तकालय

(i) भूमिका

(ii) महत्त्व

(iii) लाभ

(iv) निष्कर्ष

(ङ) पर्यावरण

(i) भूमिका

(ii) महत्त्व

(iii) पर्यावरण संरक्षण के उपाय

(iv) लाभ

(v) निष्कर्ष



BiharboardQuestionpaper.com Scanned with CamScanner

4. चार दिनों की छुट्टी के लिए अपने प्रधानाध्यापक के पास एक आवेदन पत्र लिखें । 5

अथवा

वायु-प्रदूषण के विषय पर दो छात्रों के बीच के संवाद को लिखें ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक का लगभग **20 - 30** शब्दों में दें । 

5 × 2 = 10

(i) हामिद ने चिमटे को किन-किन रूपों में उपयोग करने की बात कही है ?

(ii) 'ठेस' शीर्षक कहानी के किन-किन प्रसंगों से ऐसा प्रतीत होता है कि सिरचन अपने काम को ज्यादा तरजीह देता था ?

(iii) खेमा कसारा के होटल पर काम क्यों करता था ?

(iv) मोहम्मद अब्दुल रहमान खान की पोती का नाम क्या था ? इन्हें अपनी पोती पर क्यों गर्व है ?

(v) 'ईदगाह' शीर्षक पाठ में दुकानों में किस-किस तरह के खिलौने थे ?





(vi) आप किसे अपना आदर्श मानते हैं और क्यों ? 'कर्मवीर' शीर्षक कविता के अनुसार लिखें ।

(vii) "बतरस-लालच लाल की मुरली धरी लुकाई ।" इस पंक्ति का अर्थ लिखें ।

(viii) 'बच्चे की दुआ' शीर्षक कविता के रचनाकार कौन हैं ? बच्चे ईश्वर से कैसी राह पर चलने की प्रार्थना कर रहे हैं ?

(ix) सगुण भक्तिधारा और निर्गुण भक्तिधारा से क्या तात्पर्य है ? लिखें ।

(x) श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का उदाहरण क्यों दिया जाता है ? 'सुदामा चरित' शीर्षक कविता के अनुसार लिखें ।

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लगभग **100** शब्दों में दें : 1 × 5 = 5

(i) भाव स्पष्ट करें :

"धन उनके पास अतिथि के समान अल्पावधि तक ही टिकने आता था ।"



BiharboardQuestionpaper.com Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

(ii) भावार्थ लिखें :

"ऊपर विस्तृत नभ नील-नील

नीचे वसुधा में नदी, झील

जामुन, तमाल, इमली, करील

जल से ऊपर उठता मृणाल

फुनगी पर खिलता कमल लाल।"

estionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner